उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांक : 262 /वि0का0 (गोपनीय)/002/2020–21   दिनांक : 19.08.2021

विज्ञप्ति

दिनांक 17 एवं 18 अगस्त, 2021 को सम्पन्न प्रवक्ता परीक्षा–2021 के निम्न लिखित विषयों की उत्तरमाला दिनांक 19.08.2021 को चयन बोर्ड की वेबसाइट http://upsessb.org पर अपलोड कर दी गयी है :–

1. भौतिक विज्ञान
2. शारीरिक शिक्षा
3. नागरिक शास्त्र
4. गणित
5. अर्थशास्त्र
6. संस्कृत
7. संगीत वादन
8. अंग्रेजी
9. कृषि
10. शिक्षा शास्त्र
11. कला
12. सैन्य विज्ञान
13. गृह विज्ञान

2. लिखित परीक्षा में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह अपनी – अपनी बुकलेट सीरीज के अनुसार उत्तरमाला का मिलान कर लें। यदि किसी प्रकार की कोई आपत्ति है, तो साक्ष्य सहित दिनांक 22.08.2021 तक ऑनलाइन ऑब्जेक्शन पोर्टल http://objection.upsessb.org पर उपलब्ध करा दें।

3. अभ्यर्थी केवल उपर्युक्त पोर्टल के माध्यम से ही महत्वपूर्ण निर्देशानुसार आपत्ति के साथ सुस्पष्ट पठनीय साक्ष्य स्कैन (pdf फॉर्मेट अधिकतम 200 kb) कराकर अपलोड करें। उपर्युक्त पोर्टल के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से भेजी गयी आपत्ति पर विचार नहीं होगा। निर्धारित तिथि व्यतीत होने के उपरांत कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। ऑनलाइन ऑब्जेक्शन पोर्टल से सम्बंधित समस्याओं के लिए चयन बोर्ड की हेल्पलाइन 0532–2266851 एवं 8468007598 पर संपर्क कर सकते हैं।

19-08-2021

(नवल किशोर)
परीक्षा नियंत्रक

कार्यालय उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज

आनलाइन आपत्ति पोर्टल के माध्यम सें आपत्ति भेजने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

1. आनलाइन आपत्ति पोर्टल चयन बोर्ड द्वारा जारी उत्तरमाला पर आपत्ति भेजने हेतु उत्तरमाला की विज्ञप्ति में निर्धारित समय तक खुला रहेगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्तियाँ ग्राह्य नही होंगी। अभ्यर्थी नियत तिथियों के मध्य ही अपनी आपत्ति कर सकते है।
2. आनलाइन माध्यम से की गई आपत्तियाँ ही मान्य होंगी। आफलाइन, ईमेल अथवा पोस्ट से भेजी गई आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा।
3. प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा एक बार ही आनलाइन आपत्ति सबमिट की जा सकती है, हालांकि उसके द्वारा आवेदित विषय के सापेक्ष एक से अधिक प्रश्नों पर आपत्ति की जा सकती है।
4. आपत्ति के साथ सम्बन्धित साक्ष्य अपलोड नही करने की दशा में आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आनलाइन आपत्ति भेजने की प्रक्रिया

1. सर्वप्रथम अभ्यर्थी को चयन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर दिये गये लिंक अथवा **http://objection.upsessb.org/** पर जाना होगा, जहाँ पर आनलाइन आपत्ति पोर्टल का लागिन पेज प्रदर्शित होगा।
2. लागिन पेज पर अभ्यर्थी को अपना अनुक्रमांक तथा आवेदन में पंजीकृत मोबाइल नम्बर की प्रविष्टि कर **"Send OTP"** बटन पर क्लिक करना होगा। तत्पश्चात् अभ्यर्थी के पंजीकृत मोबाइल नं0 पर "वन टाइम पासवर्ड" जायेगा। उक्त ओ.टी.पी. अंकित कर लागिन बटन पर क्लिक करना होगा।
3. तदुपरान्त कैन्डीडेट आब्जेक्शन फाइलिंग पेज प्रदर्शित होगा। इस पेज पर अभ्यर्थी को अपना नाम, बुकलेट सीरीज, तथा अभ्यर्थी द्वारा कितने प्रश्नों पर आपत्ति की जा रही उसकी संख्या का अंकन करना होगा।
4. तत्पश्चात् आपत्ति किये गये प्रश्नों की संख्या अनुसार अभ्यर्थी को प्रश्न संख्या, आपत्ति का प्रकार, अभ्यर्थी के अनुसार सही उत्तर तथा आपत्ति सम्बन्धित टिप्पणी अंकित की जायेगी। साथ ही साक्ष्य सामग्री/पुस्तक का नाम, साक्ष्य सामग्री/पुस्तक के लेखक का नाम, साक्ष्य सामग्री/पुस्तक में सम्बन्धित प्रमाण जिस पृष्ठ पर है उसकी पृष्ठ संख्या, साक्ष्य में अनुलग्नक पृष्ठों की संख्या अंकित कर साक्ष्य/आधार अनुलग्नक अपलोड कर **"Add"** बटन पर क्लिक करके आपत्ति जोड़ी जायेगी।
5. अभ्यर्थी द्वारा जितने प्रश्नों पर आपत्ति की जा रही है उतनी बार यह प्रक्रिया दोहरा कर प्रश्नों के सापेक्ष आपत्तियाँ जोड़ी जायेंगी। जोड़ी गई आपत्ति **"Add"** करने के तुरन्त बाद बटन के ठीक नीचे ग्रिड में प्रदर्शित होगी।
6. सभी प्रश्नों के सापेक्ष आपत्तियाँ जोड़ने के पश्चात् जब अभ्यर्थी सन्तुष्ट हो जाये कि आपत्ति मय साक्ष्य का अंकन ठीक प्रकार से हो गया है तब ग्रिड के नीचे दिये गये **"Submit"** बटन पर क्लिक करके आपत्ति सबमिट की जायेगी।
7. किसी त्रुटि की दशा में आपत्ति सबमिट करने से पूर्व अभ्यर्थी **"Close/Cancel"** बटन पर क्लिक करके पुनः लागिन कर आपत्ति कर सकते है। किन्तु एक बार आपत्ति सबमिट हो जाने के उपरान्त उसमें किसी भी प्रकार का संशोधन अनुमन्य नही है।
8. अभ्यर्थी कृपया सावधानी पूर्वक आपत्तियों का सही प्रकार से साक्ष्य सहित समयान्तर्गत अंकन करें।

(नवल किशोर)
उपसचिव/परीक्षा नियन्त्रक
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।